Patrika (Indore), 08th September 2022, Page – 02

आइआइटीयंस ने स्कूली बच्चों को बताया मेडिकल किट का इस्तेमाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) के तहत जारी गतिविधियों में आइआइटी इंदौर की टीम ने स्वच्छता के लिए जागरुकता लाने और बीमारियों से बचाव के लिए एक ग्रामीण अस्पताल और बाईगांव के एक स्कूल का दौरा किया। डॉ. नीरज कुमार शुक्ला, डॉ. शिल्पा राउत, सुरेशचंद्र ठाकुर व मीनाक्षी सेन की टीम ने मरीजों और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर बाईगांव की सरपंच ज्योति लवलेश मीणा भी उपस्थित रहीं। आइआइटी इंदौर के गोद लिए बाईगांव के स्कूल के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों को प्राथमिक चिकित्सा किट के उपयोग के बारे में बताया। आइआइटी इंदौर द्वारा ऑक्सीमीटर, लेखन सामग्री, स्पोर्ट्स गियर आदि का वितरण भी किया गया।